कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग
DEPTT. OF COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय
FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
(नैक द्वारा मान्यता प्राप्त एवं यू0जी0सी0 एक्ट 1956 के सेक्शन 3 के अन्तर्गत सम विश्वविद्यालय)
GURUKULA KANGRI (DEEMED TO BE UNIVERSITY), HARIDWAR
(NAAC Accredited **Deemed to University u/s 3 of UGC Act 1956**)

दिनांक : 26.02.2026

विभागाध्यक्ष

सूचना

शैक्षणिक सत्र् 2025–26 (Phase – II) में विभाग के शोध उपाधि कार्यक्रम (पी0–एच0डी0) के द्वितीय बैच में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय शोध समिति (DRC) के समक्ष साक्षात्कार हेतु दिनांक 05.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विभाग के सेमिनॉर हॉल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं का अनुपालन करना अनिवार्य होगा –

1. पी0–एच0डी0 विवरणिका एवं नियमावली (अंशकालिक / पूर्णकालिक) 2025–26 में निर्दिष्ट सभी आवश्यक प्रपत्रों की मूल प्रति जॉच हेतु दिनांक 05.03.2026 को साक्षात्कार के समय अपने साथ लाना आवश्यक है। समस्त शैक्षणिक एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया–प्रति का एक स्व–प्रमाणित सेट लाना अनिवार्य है।
2. अंशकालिक अभ्यर्थियों को विवरणिका एवं नियमावली (अंशकालिक / पूर्णकालिक) 2025–26 (Phase – II) में निर्दिष्ट निर्देशों के अनुसार अपनी नियोक्ता संस्था से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' लाना आवश्यक है।
3. साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए काउन्सलिंग फीस 1100/– (एक हजार एक सौ रुपये) ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। काउन्सलिंग फीस जमा करने हेतु लिंक अभ्यर्थियों के ई–मेल आईडी और पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर अलग से भेज दिया जायेगा। साक्षात्कार हेतु शोध अभिरूचि की स्पष्टता, विषयगत नूतन प्रवृत्तियों का ज्ञान और अपने विषय की अद्यतन बोधगम्य समझ अनिवार्य है। अतः उसके अनुरूप अपनी तैयारी करके साक्षात्कार एवं शोध अभिरूचि की प्रस्तुतिकरण में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

डॉ0 मयंक अग्रवाल

प्रतिलिपि :

1. कुलसचिव, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
2. परीक्षा नियंत्रक, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
3. संकायाध्यक्ष, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
4. समस्त सदस्य, विभागीय शोध समिति
5. वेबसाईट ऐडमिनिस्ट्रेटर, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार *(इस आशय से कि समविश्वविद्यालय की website पर Update करेंगें)*

डॉ0 मयंक अग्रवाल